# राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

## नई स्वर्णिमा योजना - पथानमथिट्टा, केरल

### सफलता की कहानी

| | |
|---|---|
| लाभार्थी का नाम | **सुश्री शशिलथा एस.** |
| जिला एवं राज्य | **पथानमथिट्टा, केरल** |
| योजना का नाम | **नई स्वर्णिमा योजना** |
| ऋण स्वीकृति का वर्ष | **2021** |
| ऋण राशि | **रू. 1.00 लाख** |
| गतिविधि /व्यवसाय | **केक बेकिंग दुकान** |
| राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम | **केरला स्टेट बैकवर्ड क्लासेज डेवलपमेंट कारपोरेशन** |

**सुश्री शशिलथा एस.** केरल के पठानमथिट्टा जिले में ओमल्लूर की रहने वाली हैं। वे बताती हैं कि मुझे अपने परिवार और दोस्तों के लिए बेकिंग करना बहुत पसंद था। लेकिन मैंने केक बेकिंग को व्यवसाय में बदलने के बारे में कभी नहीं सोचा। मैं सिर्फ अपने बच्चों के लिए और कुछ विशेष पारिवारिक कार्यों के लिए केक बनाना चाहता थी। एक दिन मेरे एक मित्र ने मुझसे पूछा कि मैं इसे आय अर्जित करने वाली गतिविधि क्यों नहीं बना सकती, और तब मैंने उस पर दोबारा विचार किया। जब मैं इस बारे में सोच रही थी कि मैं शुरुआती खर्चों को कैसे पूरा कर सकती हूं, तो मेरे पति ने एन.बी.सी.एफ.डी.सी. के राज्य निगम केरला स्टेट बैकवर्ड क्लासेज डेवलपमेंट कारपोरेशन (KSBCDC) से स्व-रोजगार हेतु ऋण प्राप्त करने पर विचार का परामर्श दिया।

फिर हमने के.एस.बी.सी.डी.सी. के पठानमथिट्टा कार्यालय से संपर्क किया। राज्य निगम के अधिकारियों द्वारा मुझे महिलाओं के लिए NBCFDC की विशेष योजना 'नई स्वर्णिमा' के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मुझे यह योजना बहुत अच्छी लगी। इसमें अन्य योजनाओं की अपेक्षा ब्याज दर भी कम थी और अपना पैसा लगाने की भी आवश्यकता नहीं थी। अतः मैंने 'नई स्वर्णिमा' योजना के अंतर्गत 'बेकिंग परियोजना' हेतु ऋण आवेदन जमा किया। राज्य निगम द्वारा मुझे रू. 1 लाख की ऋण राशि की मंजूरी माह मार्च, 2021 में की गई। मैंने उस राशि से केक बेकिंग ओवन, ट्रे, पेपर, सामग्री खरीदी। मेरी दुकान उन ग्राहकों को केक बेकिंग की आपूर्ति भी प्रदान करती है जो बेकिंग में रुचि रखते हैं। अब मुझे दिन में ज्यादातर शहर के अलग-अलग हिस्सों से ऑर्डर मिलते हैं और बहुत सारे लोग अपनी जरूरतों के लिए बेकिंग आइटम खरीदने भी आते हैं। मैं सभी खर्चों को पूरा करने के बाद औसतन रू. 25000/- प्रति माह कमा लेती हूँ। अब मैं और मेरा परिवार बहुत खुश हूँ। बच्चों की पढ़ाई और घर के खर्चों को पूरा करने में मैं मदद करती हूँ और भविष्य के लिए कुछ पैसे भी जोड़ पाती हूँ।

सुश्री शशिलथा कहती हैं- मुझे लगता है कि कोई भी महिला पैसा न होने पर भी अपना व्यवसाय शुरू कर सकती है यदि उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति हो। वे कहती हैं कि मेरे सपने को पूरा करने में मेरी मदद करने के लिए मैं NBCFDC और KSBCDC का बहुत आभारी हूं।